प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

04.02.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18.00 बजे

विधायक प्राथमिकता बैठक

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने विधायकों को भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप सुझाव देने को कहा है ताकि प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाया जा सके। मुख्यमंत्री आज शिमला में विधायक प्राथमिकता बैठकों के दूसरे दिन शिमला और मंडी जिला के विधायकों के साथ उनकी प्राथमिकताओं पर चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विधायकों के सुझावों को बजट में प्राथमिकता दी जाएगी क्योंकि उन्हें जनता चुनकर भेजती है और वह जनसमस्याओं से वाकिफ होते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार शिक्षा व स्वास्थय क्षेत्र पर विशेष ध्यान दे रही है और इन क्षेत्रों में आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार नीतिगत बदलाव लाकर प्रदेश के प्राकृतिक सौंदर्य के अनुरूप उद्योगों को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि रोहडू–चिड़गांव सड़क की हालत सुधारी जाएगी और कुरपन पेयजल योजना को शुरू करने के लिए धन उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने कुरपन पेयजल योजना को 30 अप्रैल तक पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कृषि और वन विभाग को गगरेट में बांस आधारित उद्योग स्थापित करने की संभावनाएं तलाशने को भी कहा। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर विपक्ष पर भी निशाना साधा और कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने नये संस्थान खोलने पर जोर दिया लेकिन सुविधाएं नहीं जुटाई। बैठक में विधायकों ने अपने–अपने क्षेत्र से जुड़ी प्राथमिकता को उठाया।

रणधीर शर्मा

विपक्षी दल भाजपा द्वारा विधायक प्राथमिकता बैठकों के बहिष्कार के बाद प्रदेश में राजनीतिक माहौल गरमा गया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता व विधायक रणधीर शर्मा ने आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता में आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू विधायक प्राथमिकताओं पर झूठ बोलकर प्रदेश की जनता को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा पेश आंकड़े तथ्यों पर आधारित नहीं हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री को चुनौती दी की वे इन आंकड़ो के सुबूत पेश करें या इन्हें वापस लें।

रणधीर शर्मा ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुकखू प्रदेश को आर्थिक दिवालियापन की ओर ले जा रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री को फिजूलखर्ची बंद करने की सलाह दी।

मुख्यमंत्री

इस बीच भाजपा विधायक दल द्वारा विधायक प्राथमिकता बैठकों का बहिष्कार करने के मुद्दे पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज एक बार फिर पलटवार किया। उन्होंने दावा किया कि भाजपा के अधिकतर विधायक इन बैठकों में आना चाहते थे और उन्होंने मुझसे संपर्क भी किया लेकिन नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के अडियल रवैये के कारण ये विधायक बैठकों में नहीं आ सके।

राकेश जमवाल

भाजपा के मुख्य प्रवक्ता व विधायक राकेश जमवाल ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू को भाजपा की चिंता छोड़ अपने संवैधानिक कर्तव्यों का निर्वहन करने की सलाह दी है। राकेश जमवाल ने आज मंडी में एक बयान में कहा कि कांग्रेस सरकार सत्ता में आने के बाद से ही विकास को दरकिनार कर भाई–भतीजावाद, मित्रवाद और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने में लगी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री प्रदेश के युवाओं को रोजगार देने के बजाय अपने चहेतों और कांग्रेस नेताओं के करीबियों को बैकडोर से सरकारी नौकरियां बांट रहे हैं। राकेश जमवाल ने ये भी कहा कि विधायक प्राथमिकता बैठकें महज परम्परा निर्वहन के लिए नहीं होती।

चेतन बरागटा

प्रदेश भाजपा प्रवक्ता चेतन बरागटा ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा से मुलाकात की। चेतन बरागटा ने इस दौरान केंद्रीय मंत्री से खड़ा पत्थर सुरंग और छैला से सोलन बागवानी मार्ग को राष्ट्रीय परियोजना के रूप में स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया। बरागटा ने कहा कि केंद्रीय मंत्री ने प्रदेश में सड़क परियोजनाओं पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया।

---